कार्यालय उ0प्र0 लोक सेवा आयोग
संख्या–8(3)/विज्ञापन प्रकोष्ठ/2020–21
प्रयागराजःदिनॉक– 28 जुलाई, 2021

# विज्ञप्ति

उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा सीधी भर्ती द्वारा चयन से संबंधित (विज्ञापन संख्या–3/2021–22) दिनॉक–25–06–2021 जारी किया गया था। उक्त के परिप्रेक्ष्य में अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र निर्धारित अन्तिम तिथि दिनॉक–26–07–2021 तक प्राप्त किये जा चुके हैं परन्तु कतिपय अभ्यर्थियों के फोटो व हस्ताक्षर त्रुटिपूर्ण पाये गये हैं, जिसकी सूचना आयोग की वेबसाइट http://uppsc.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अतः उक्त अभ्यर्थियों को दिनॉक–29–07–2021 से दिनॉक–04–08–2021 तक सही फोटो व हस्ताक्षर पुनः अपलोड करने हेतु अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए उनसे अपेक्षा की जाती है कि वह नियत तिथि तक फोटो व हस्ताक्षर आयोग की उक्त वेबसाइट पर अपलोड कर दें। नियत तिथि के उपरान्त इस हेतु और कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा तथा इस संबन्ध में किसी प्रत्यावेदन पर भी विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

(पुष्कर श्रीवास्तव)
उपसचिव